Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide special package to textile and garment industries highly affected due to Covid-19 pandemic

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसलिए, मैं आपका हृदयपूर्वक अभिनन्दन करता हूं । भव्य भारत देश के सम्माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदृष्टि और विशाल दृष्टि के कारण शोलापुर स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहा है । मेरा संसदीय क्षेत्र शोलापुर आध्यात्मिक क्षेत्र के साथ-साथ टेक्सटाइल, गारमेंट तथा यूनिफार्म हब के रूप में जाना जाता है ।

इन इंडस्ट्रीज में उत्पादित उत्पादन की मांग केवल हमारे देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी है, परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण कोविड की इस आपदा के कारण टेक्सटाइल तथा गारमेंट इंडस्ट्री आर्थिक संकट से जूझ रही है । इस इंडस्ट्री को भारत की ओर से विशेष आर्थिक पैकेज की अत्यन्त आवश्यकता है । आज की हालत के अनुसार इंडस्ट्री के उद्योजक बैंक से लिए गए कर्ज का हफ्ता भरने की स्थिति में नहीं है । इस इंडस्ट्री से लाखों परिवारों का जीवन जुड़ा हुआ है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि उद्योजकों के बिजली का बिल एवं कर्ज राशि पर बैंक द्वारा लगाई गई ब्याज राशि को अप्रैल, 2020 से माफ किया जाए । यदि सरकार इन उद्योजकों को आर्थिक मदद करेगी तो सोलापुर टेक्टाइल तथा गारमेंट उद्योग फिर से सक्षम हो सकता है ।